प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 20.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री राममोहन नायडु आज रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर नई यात्री सुविधाओं का करेंगे उद्घाटन; मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी रहेंगे मौजूद।
- रांची में सीआईआई की राउंडटेबल बैठक संपन्न; उद्योग सचिव ने कहा– झारखंड में डेढ़ लाख करोड़ के निवेश की संभावनाएं।
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत रांची के निजी स्कूलों में लॉटरी पूरी; 641 बच्चों का मुफ्त नामांकन के लिए चयन।
- बोकारो, धनबाद और देवघर समेत राज्य के 9 जिलों के लिए मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट; 60 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी और वज्रपात की चेतावनी।
- राष्ट्रीय वुडबाल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन; सीनियर और जूनियर वर्ग में जीते विजेता और उपविजेता के खिताब।

******************

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडु किंजरापू आज सबेरे 10 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान एयरपोर्ट पर नवनिर्मित बिरसा मुंडा की प्रतिमा सहित फीचर वॉल, उड़ान यात्री कैफे, अवसर काउंटर, किड्स जोन और फ्लाईब्रेरी का उद्घाटन व अनावरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कार्यपालक निदेशक एस.एस. राजू ने कल शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

******************

रांची में आयोजित सीआईआई की राउंडटेबल बैठक में उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड देश के 44 प्रतिशत खनिज संसाधनों के साथ सबसे उपयुक्त निवेश स्थल है। राज्य में करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं हैं और रांची में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है।

******************

राज्य में मैट्रिक और इंटर के बाद उच्च शिक्षा के लिए छात्रों की चिंता बढ़ गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना बैंकों की उदासीनता के कारण धीमी चल रही है। 15 लाख रुपये तक के इस लोन में हो रही देरी पर अब पक्ष और विपक्ष में राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने राज्य सरकार पर सोची–समझी साजिश के तहत बैंकों से लोन रुकवाने का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि केंद्र सरकार के राजनीतिक दखल और साजिश के कारण बैंक इस योजना में उदासीन रवैया अपना रहे हैं।

******************

राज्य के पतरातु सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट का ट्रायल सफल रहा। 800 मेगावाट क्षमता वाली इस यूनिट के शुरू होने से राज्य को 85 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल क्षमता 90 गीगावाट पार कर गई है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

******************

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने कल रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पुनर्विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

******************

रांची की होटवार जेल में महिला कैदी के यौन शोषण मामले की जांच तेज हो गई है। झालसा की टीम ने प्रारंभिक जांच में आरोपों को सही पाया है। इधर, रांची उपायुक्त ने एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

रांची में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया पूरी हो गई है। रांची के एसडीएम कुमार रजत ने बताया कि उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर हुई इस पारदर्शी प्रक्रिया में 89 निजी विद्यालयों की आरक्षित सीटों के लिए बच्चों का चयन किया गया है।

******************

रांची नगर निगम ने नगर आयुक्त के नाम पर आ रहे फर्जी व्हाट्सएप संदेशों को लेकर अलर्ट जारी किया है। निगम ने बताया कि प्लस 84 से शुरू होने वाला नंबर पूरी तरह फर्जी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसे संदिग्ध नंबरों पर अपनी बैंकिंग या निजी जानकारी बिल्कुल साझा न करें।

******************

रांची की नामकुम पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 12 मोटरसाइकिलें और 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिदरौल जोड़ा मंदिर के पास घेराबंदी कर यह कार्रवाई की गई।

******************

मौसम विभाग ने आज बोकारो, धनबाद और देवघर समेत नौ जिलों में साठ किलोमीटर की रफ्तार से आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं रांची, हजारीबाग और सिंहभूम सहित अन्य जिलों में बादल छाए रहेंगे तथा चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाओं के साथ कहीं–कहीं मेघ गर्जन और वर्षा हो सकती है।

******************

झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर शानदार सफलता हासिल की है। ताशकंद रग्बी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर लौटे डेविड मुंडा का रांची में भव्य स्वागत हुआ। वहीं रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय वुडबाल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीनियर पुरुष स्ट्रोक और महिला फेयरवे वर्ग में झारखंड की टीम विजेता बनी। वहीं जूनियर बालक स्ट्रोक, जूनियर बालिका फेयरवे और जूनियर बालक फेयरवे प्रतियोगिताओं में टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

******************

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। टेस्ट टीम की कप्तानी शुभमन गिल और उप–कप्तानी के.एल. राहुल करेंगे, जबकि वनडे में श्रेयस अय्यर उप–कप्तान होंगे। इस सीरीज के लिए झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की तीन साल बाद वनडे टीम में शानदार वापसी हुई है।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीआईआई प्रतिनिधिमंडल के मुलाकात की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– महिला पार्षद का आरोप– बैठक में मेरी आपत्तिजनक वीडियो बनायी, सोशल मीडिया पर डाला।

हिन्दुस्तान ने पश्चिमी सिंहभूम के पोड़ाहाट जंगल में हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– वित्त मंत्री का बड़ा सवालः घोटालेबाज डीडीओ सीआईडी जांच टीम से दूर हैं ना, सुनिश्चित करें।

दैनिक जागरण ने लिखा है– सबसे गर्म रहा पलामू, कई जिलों में पारा 40 के पार।

******************